Cambridge Assessment International Education

MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

CAMBRIDGE PRIMARY IGCSE (TERM END Examinations-I)

Grade: 6 **Subject: Hindi** **Date: 09.11.2024**

Candidate Name: ___________________________________ Roll Number: _____

Max Marks: 35 **Time Duration: 90 minutes** **Invigilator's Sign:**

SCRUTINY											
Q1		Q11		Q21		Q31		Q41		Q51	
Q2		Q12		Q22		Q32		Q42		Q52	
Q3		Q13		Q23		Q33		Q43		Q53	
Q4		Q14		Q24		Q34		Q44		Q54	
Q5		Q15		Q25		Q35		Q45		Q55	
Q6		Q16		Q26		Q36		Q46		Q56	
Q7		Q17		Q27		Q37		Q47		Q57	
Q8		Q18		Q28		Q38		Q48		Q58	
Q9		Q19		Q29		Q39		Q49		Q59	
Q10		Q20		Q30		Q40		Q50		Q60	

Marks Obtained			
35	15	50	Grade

Sub. Tr. Sign: ________

प्रश्न 1 अ) नीचे दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(6)**

(The extract is given on a separate paper)

1. उपर्युक्त कविता का नाम लिखिए।

____

2. कविता के अनुसार पेड़ कहाँ से पनपा?

____

3. पेड़ कब कराहता है?

____

4. पेड़ हमारे सच्चे साथी कैसे हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

____

5. सही या गलत लिखिए।

पेड़ हमें जीवन देते हैं, बदले में हमारी ज़हरीली साँसें लेते हैं। ______________

6. वार करना, चोट पहुँचाना, मारना इन शब्दों के लिए एक पर्यायवाची शब्द पद्यांश से ढूँढकर लिखिए।

____

आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5)**

(The extract is given on a separate paper)

1. कजाकी कहाँ काम करता था?

____

2. 'खुशमिज़ाज' इस शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द गद्यांश से लिखिए।

____

3. रिक्त स्थान भरिए।

कजाकी अपने पिता के साथ _____________की एक तहसील में था।

4. सही या गलत लिखिए।

व्याकुल का अर्थ परेशान होता है। _____________

5. 'सुबह' इस शब्द के लिए विलोम शब्द गद्यांश से लिखिए।

____

इ) निम्नलिखित शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(1)**

1. अकस्मात - ____

ई) निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर लिखिए। (कोई भी एक) **(1)**

1. वर्ष - ____________________ 2. इतिहास - __________________

प्रश्न 2 अ) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। **(1)**

1. बीता हुआ कल - ____

आ) निम्नलिखित वाक्य में उचित 'कि' अथवा 'की' का प्रयोग कर रिक्त स्थान भरिए।

1. राम जानता था ________ माँ _______ बातों का कोई असर राधा पर नहीं होने वाला। **(1)**

इ) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए। **(1)**

1. मुझे एक गर्म कप चाय पिलाइए ।

____

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उचित शब्द से पूर्ण कीजिए। (कोई भी एक) **(1)**

1. अक्ल पर ________________ पड़ना। 2. ईद का _________________ होना।

प्रश्न 3 अ) भाववाचक संज्ञा बनाइए। (कोई भी एक) **(1)**

1. महान - _______________ 2. चतुर - ___________________

आ) निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए । (कोई भी एक) **(1)**

1. रजत ने भिखारी को भिक्षा दी।

____

2. राधा गाना गा रही है।

____

इ) कोष्टक में दिए गए शब्दों की सहायता से अनुच्छेद को पूरा कीजिए। **(3)**

(21, हवा, सैर, प्रातः, मुँह, तैयार, ओर, रंग-बिरंगे, सैर, योगाभ्यास, प्रण, स्वास्थ्य)

________ काल उठकर मैंने देखा, मंदी-मंदी___________ चल रही है । मेरा मन हुआ की मैं पार्क में ________ करने जाऊँ। मैं जल्दी से हाथ________ धोकर _________ हो गया और पार्क की_________ चल पडा़। पार्क में _____________________फूल खिले थे। बच्चे खेल रहे थे। कुछ लोग ________________कर रहे थे। एक सज्जन पार्क में_______________ भी सिखा रहे थे। वे बता रहे थे कि सूर्य नमस्कार करने से हमारा शरीर स्वस्थ और सुंदर बनता है। उन्होंने बताया हर वर्ष ________जून का दिन आंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। मैंने __________ किया अब मैं रोज़ योग करूँगा और स्वस्थ रहूँगा। धन से अधिक महत्वपूर्ण____________ है।

प्रश्न 4 अ) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(6)**

(The extract is given on a separate paper)

1. नानी हमें क्या समझाती हैं?

____

2. पानी के बिना धरती क्या बन जाएगी?

____

3. उपकारी बादल कहाँ आते हैं?

____

4. बादल क्या करते हैं?

____

5. दुनिया को हरी-भरी रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

____

6. 'पृथ्वी' इस शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द पद्यांश से लिखिए।

____

लेखन कौशल

आ) मान लीजिए आप अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के साथ पिकनिक गई पिकनिक से लौटने के बाद आपने अपनी डायरी लिखी। इसके बारे में बताते हुए डायरी लिखिए। (3)

____

इ) अपने मोहल्ले के पोस्टमैन के कार्यशैली का वर्णन करते हुए पोस्ट मास्टर को शिकायती पत्र लिखिए। (4)

____

****

Extract (Grade 6)

प्रश्न 1 अ)

धरती के सीने से पनपा,
मुझ में भी तो जीवन बसता,
भाँति तुम्हारी मैं भी हँसता,
तेज़ धूप, गरमी में जलता,
रिमझिम बारिश की बूँदों में,
मन मेरा भी हर्षाता।

लेकिन, क्या तुमने मुझको जीवित माना?
जो मार कुल्हाड़ी मुझे गिराया,
दर्द मुझे भी होता है!
जब प्रहार मेरा तन सहता है,
कराह - कराह रह जाता हूँ।

सोचता हूँ,छाया देकर भी तुम्हें,
बदले में, मैं तुमसे क्या पाता हूँ?
तुम्हारी ज़हरीली साँसों को पीता,
बदले में जीवन वाली साँसें देता,
फल- फूल जब मुझ पर लद जाते हैं,
मैं खुद पर इतराता हूँ।

प्रश्न 1 आ)

मेरी बाल-स्मृतियों में 'कजाकी' एक न मिटने वाला व्यक्ति है । आज चालीस साल गुज़र गए; कजाकी की मूर्ति अभी तक आँखों के सामने नाच रही है। मैं उन दिनों अपने पिता के साथ आज़मगढ़ की एक तहसील में था । कजाकी जाति का पासी था, बड़ा ही हँसमुख, बड़ा ही साहसी, बड़ा ही ज़िंदादिल इंसान । वह रोज़ शाम को डाक का थैला लेकर आता, रात-भर रहता और सबेरे डाक ले कर चला जाता। शाम को फिर उधर से डाक लेकर आ जाता। मैं दिनभर एक बेचैनी से उसकी राह देखा करता था। ज्यों ही चार बजते, व्याकुल होकर, सड़क पर आकर खड़ा हो जाता और थोड़ी देर में, कजाकी कंधे पर बल्लम रखे, उसकी झुंझुनी बजाता, दूर से दौड़ता हुआ आता दिखलाई देता। वह साँवले रंग का गठीला, लंबा जवान था। शरीर साँचे में ऐसा ढला हुआ कि चतुर मूर्तिकार भी उसमें कोई दोष न निकाल सकता।

प्रश्न 4 अ)

सदा हमें समझाए नानी
नहीं व्यर्थ बहाओ पानी,
हुआ समाप्त अगर धरा से
मिट जाएगी यह ज़िंदगानी।
नहीं उगेगा दाना - दुनका
हो जाएँगे खेत वीरान,
उपजाऊ जो लगती धरती
बन जाएगी रेगिस्तान ।
हरी-भरी जहाँ होती धरती
वहीं आते बादल उपकारी,
खूब गरजते खूब चमकते
और करते हैं वर्षा भारी ।
हरा-भरा रखो इस जग को
पेड़ धरा पर खूब लगाओ,
पानी है अनमोल रत्न तुम,
इसकी इक इक बूँद बचाओ।

****